एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

गुरुवार, 18 सितंबर 2025,

PAGE NO: 05 BOTTOM



## एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में मनी विश्वकर्मा जयंती

बरेली अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थानों इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कालेज में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्वकर्मा पूजा का आरंभ संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया ।प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डॉ. अमित कुमार शर्मा, डॉ. रविन्द्र कुमार, विवेक यादव, डा. सौरभ गुप्ता व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सीईटीआर मे हुई पूजा मे प्रिंसिपल डा. शैलेश सक्सेना और स्टाफ उपस्थित रहा।हवन-पूजन में डायरेक्टर आदित्य मूर्ति आदि ने भाग लिया। इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ. बिंदु गर्ग आदि मौजूद रहे।